बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका संख्या – 03/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(जमुई)–84/2020...1333... पटना, दिनांक :6/6/2022

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, जमुई के पत्रांक 103 दिनांक 16.03.2021 द्वारा यह सूचित किया गया है कि श्री आदित्य कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (आई0डी0 सं0 AEN02582) को निदेशालय आदेश ज्ञापांक 10675 दिनांक 01.09.2020 द्वारा आदेश निर्गत की तिथि से तीन दिनो के अन्दर बंदोबस्त कार्यालय, जमुई में योगदान किया जाना था, किन्तु श्री कुमार द्वारा निर्धारित तिथि तक योगदान नहीं कर दिनांक 26.02.2021 को अपना योगदान दिया है।

पुनः बंदोबस्त कार्यालय, जमुई के पत्राक 161 दिनांक 22.02.2022 द्वारा यह सूचित किया गया कि श्री कुमार द्वारा निर्धारित समय सीमा में अपना योगदान नहीं दिया है और न ही इनके द्वारा योगदान नहीं करने के संबंध कोई स्पष्ट जानकारी कार्यालय को दी गयी है।

बंदोबस्त कार्यालय, जमुई द्वारा प्रेषित उक्त पत्रों की समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत यह पाया गया कि श्री कुमार द्वारा नियोजन की तिथि से लगभग 06 माह तक संबंधित प्रतिनियुक्त कार्यालय में योगदान नहीं किया गया है, जो इनके मनमानापन रवैया दर्शाता है। अगर इनका योगदान स्वीकृत किया जाता है तो अन्य कर्मियों की कार्यशैली, स्वेच्छाचारिता एवं कार्यालय कार्यो में लापरवाही को बढ़ावा मिलेगा।

अतः बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम 8(4) के तहत निर्धारित समय सीमा के अन्दर योगदान नहीं करने एवं अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण श्री आदित्य कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (आई0डी0 सं0 AEN02582) का संविदा अनुबंध नियोजन की तिथि से रद्द किया जाता है।

(जय सिंह) 6/22
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(जमुई)–84/2020...1333...पटना, दिनांक :6/6/2022

प्रतिलिपि :– श्री आदित्य कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (आई0डी0 सं0 AEN02582) को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(जमुई)–84/2020...1333...पटना, दिनांक : 6/6/2022

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी/सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी (मु0), जमुई को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(जमुई)–84/2020...1333...पटना, दिनांक : 6/6/2022

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी प्रोग्रामर/आई0टी0 कोषांग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक 6/6/22